हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, बुधवार, 8 अक्टूबर, 2025

14 महर्षि वाल्मीकि ने समाज को सत्य,मर्यादा एवं आदर्श...



14 जजपा कार्यकर्ता सड़कों पर उतरे जजपा की अगुवाई में...



## खबर संक्षेप

### आभूषण चोरी में दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**भिवानी।** पुलिस सीआईए स्टाफ प्रथम भिवानी ने गांव तिगड़ाना में घर में चोरी की वारदात को अंजाम देने के मामले में दूसरे आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सुधीर निवासी तिगड़ाना ने थाना सदर पुलिस भिवानी को एक शिकायत दर्ज करवाई थी जिसमें शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि एक अक्तूबर की रात को चोर उनके घर से आभूषण चोरी करके ले गए थे। जो इस शिकायत पर पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत अभियोग थाना सदर भिवानी में दर्ज किया था।

### अवैध हथियार बरामदगी में दूसरा आरोपी काबू

**भिवानी।** पुलिस सीआईए स्टाफ -2 भिवानी की टीम ने अवैध हथियार बरामदगी करने के मामले में दूसरे आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सीआईए स्टाफ-2 भिवानी के मुख्य सिपाही पवन कुमार ने एक व्यक्ति को मिनी बाईपास चौक भिवानी से अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की थी। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान धीरज पुत्र धर्मेंद्र निवासी रणकोली जिला चरखी दादरी के रूप में हुई थी।

### पुलिस ने हेरोइन के साथ के एक आरोपी को पकड़ा

**भिवानी।** पुलिस की सीआईए स्टाफ प्रथम भिवानी की टीम ने मादक पदार्थ हेरोइन के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल किए हैं। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सीआईए स्टाफ प्रथम भिवानी के उप निरीक्षक रामबीर अपनी टीम के साथ गश्त पड़ताल ड्यूटी बस अड्डा गांव शहरयारपुर मौजूद थे।

### जुआ खेलते तीन आरोपी गिरफ्तार

**भिवानी।** पुलिस सीआईए स्टाफ प्रथम भिवानी की टीम ने जुआ खेलते तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सीआईए स्टाफ प्रथम भिवानी के उपनिरीक्षक रामबीर अपनी टीम के साथ गश्त पड़ताल ड्यूटी लोहानी बस अड्डा मौजूद थे जो पुलिस टीम को विश्वसनीय सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि हेतमपुरा में धर्म कांटा के पास बने कमरे में कुछ व्यक्ति ताश के पत्तों पर पैसा लगाकर जुआ खेल रहे हैं।

### वाल्मीकि जयंती पर निकाली शोभा यात्रा

**लोहारू।** हर वर्ष की भांति समाज के लोगों ने वाल्मीकि जयंती के मौके पर शहर में शोभायात्रा निकाली और बच्चों ने लव कुश की भूमिका और अश्वमेध यज्ञ के घोड़े के साथ शहर में झांकी निकाली। इस झांकी और शोभा यात्रा की तैयारियों को लेकर समाज के लोग एक महीने पहले ही जुट जाते हैं। मंगलवार को समाज लोगों ने महर्षि वाल्मीकि और घोड़े पर सवार लव-कुश की झांकी निकाली। झांकी कार्यक्रम में काफी संख्या में महिलाओं ने हिस्सा लिया।

### अवैध शराब बेचते एक आरोपी को किया काबू

**भिवानी।** पुलिस की सीआईए स्टाफ प्रथम भिवानी की टीम ने गांव हेतमपुरा से एक व्यक्ति को अवैध शराब देशी व अंग्रेजी के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सीआईए स्टाफ प्रथम भिवानी के मुख्य सिपाही सुमेर अपनी टीम के साथ गश्त पड़ताल ड्यूटी बस अड्डा लहलाना मौजूद थे जो पुलिस टीम को विश्वसनीय सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई थी एक व्यक्ति लहलाना से लोहानी की तरफ एक धर्म कांटे के पास अवैध शराब बेच रहा है।

## तेज बारिश व अंधड़ से धान की फसल गिरी, किसानों को भारी नुकसान

*आफत की बारिश व ओलावृष्टि से किसानों की बची-कुछी धान की फसल भी हुई बर्बाद : जोगेंद्र*

# मौसम की मार: लोहारू में 22 तो भिवानी में 12 एमएम बरसा पानी





भिवानी। बारिश के बाद शहर में जमा पानी से गुजरते वाहन चालक व तेज अंधड़ से बिछी धान की फसल। *फोटो: हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

भले की मॉनसून की रूखस्त हो गई हो,लेकिन पश्चिमी विक्षोभ ने लोहारू में 22 तो भिवानी में 12 एमएम पानी बरसा कर लोगों को राहत दी है,वहीं जिन इलाकों में पहले से जलभराव की समस्या थी। उनके लिए पश्चिमी विक्षोभ से हुई बारिश आहत करने वाली रही। चूंकि पहले से ही फसलों में पानी जमा है और अब और पानी बरसने से किसानों के लिए समस्या बढा दी। दूसरी तरफ पश्चिमी विक्षोभ के साथ आई तेज आंधी ने धान की फसल का बिछौना कर दिया। अगर फसले उठ नहीं पाई तो किसानों को मोटा नुकसान होने की आशंका बन गई है। फिलहाल हालही में बारिश के साथ आए तेज अंधड़ से खासे परेशान है।

### धान की फसलों का हुआ बिछौना

देर रात बारिश के साथ आई तेज आंधी ने धान व कपास की फसल को जमीन पर बिछा दिया। कई जगहों पर तो धान का एक भी पौधा खड़ा नहीं है। सारी फसल जमीन पर लेट गई है। यहां यह बताते चले कि अगर कोई भी फसल एक बार जमीन पर लेट जाए तो उस फसल का औसतन पैदावार घटना लाजिमी है। चूंकि पौधे के निचले हिस्से पर न तो धूप की चमक लगेगी और न ही उस पर हवा लग पाएगी। ऐसे में उस बाली का दाना पिचकना शुरू हो जाएगा और फसल की औसतन पैदावार में काफी कमी आएगी। फिलहाल धान की फसल जमीन पर बिछने की वजह से किसानों के माथे पर चिंता साफ झलकने लगी है।

### ढलान वाले इलाकों में जमा हुआ पानी

देर रात आई तेज हवा के साथ बारिश से अनेक जगहों पर जलभराव की स्थिति बन गई। हालांकि कई जगहों से रात को ही पानी की निकासी हो गई थी,लेकिन ढलान वाले इलाकों में सुबह भी जलभराव की समस्या से लोगों को जूझना पड़ा। सबसे ज्यादा बुरी स्थिति अंदरूनी शहर की सड़कों व बाजार की बनी रही। वहां पर पानी की निकासी न होने से लोगों को बारिश के जमा पानी से ही होकर गुजरना पड़ा। इसी तरह पुलिस अधीक्षक आवास के बाहर भी बारिश का पानी जमा होने से लोगों को इसी पानी के अंदर से होकर गंतव्य तक जाना पड़ा। मंगलवार को भी पूरे दिन इसी तरह की समस्या को लोगों को जूझना पड़ा।



भिवानी। अनाजमंडी में कपास की फसल दिखाते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

### बाजरे के बाद अब कपास की सरकारी खरीद पर संकट

■ दो हजार रुपये प्रति क्विंटल तक के नुकसान पर कपास बेचने को मजबूर किसान : भुरू

**भिवानी।** नई अनाज मंडी में किसानों की परेशानी बाजरे की खरीद के बाद अब कपास की खरीद को लेकर भी गंभीर रूप ले चुकी है। मंडी में किसानों को कपास के सरकारी निर्धारित मूल्य से 2 हजार रूपये प्रति क्विंटल तक कम दाम मिल रहे हैं, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। इस बारे में भिवानी नई अनाज मंडी के प्रधान नरेश बंसल उर्फ भुरू ने मंगलवार को नई अनाज मंडी में कपास खरीद का जायजा लेने के बाद इस विकट स्थिति पर अपनी गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि सरकार ने लंबे रेशे वाले कपास का सरकारी रेट 8 हजार 110 प्रति क्विंटल निर्धारित किया है, जबकि नई अनाज मंडी में किसान अपनी कपास 6 हजार से 7 हजार रूपये प्रति क्विंटल के बीच बेचने को मजबूर हैं। किसानों को सीधे तौर पर एक हजार से 2 हजार रूपये प्रति क्विंटल तक का नुकसान हो रहा है। इस नुकसान की मुख्य वजह बारिश के कारण कपास की गुणवत्ता में आई कमी है।



भिवानी। जमीन पर बिछी फसल दिखाते किसान। *फोटो: हरिभूमि*

### फसलों के लिए फिर आफत बनीं बारिश

## अन्नदाताओं पर फिर पड़ी प्रकृति की मार

■ प्रकृति की दोहरी मार से अन्नदाता बेहाल, बारिश व ओलावृष्टि से धान की बची फसल भी बर्बाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

पहले ही जलभराव के कारण भारी आर्थिक नुकसान झेल चुके भिवानी जिला के किसानों पर एक बार फिर प्रकृति का कहर टूटा है। बीते रोज असमय बारिश और ओलावृष्टि ने धान (जीरी) की उस फसल को भी बर्बाद कर दिया। किसानों को हुए इस भारी नुकसान से अन्नदाताओं की कमर टूट गई है और अब वे सरकार से तत्काल मुआवजे की मांग कर रहे हैं। यह बात ग्राम स्वराज किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जोगेंद्र तालु ने गांव मुंढ़ाल, तालु, बड़ेसरा, धनाना, मिताथल, घुसकानी, कुंगड़ आदि ने कही।

### धान की फसल खराब

बारिश व ओलावृष्टि के कारण धान की फसलें पूरी तरह से खराब हो चुकी हैं। इससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है, जिसकी भरपाई करना उनके लिए मुश्किल हो गया है। जोगेंद्र तालु ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सरकार से तत्काल मदद की गुहार लगाई है। उन्होंने कहा कि बीते माह आई भारी बारिश से खेतों में जलभराव के कारण किसानों को पहले ही बड़ा नुकसान हो चुका था। इसके बाद बाजरा बेचने के लिए भी किसानों को मंडियों में भारी परेशानियाँ झेलनी पड़ रही हैं, और अब फिर से बारिश व ओलावृष्टि ने किसानों की बची-कुची जीरी की फसल को भी बर्बाद कर दिया है। जोगेंद्र तालु ने सरकार से किसानों को एक लाख रुपये प्रति एकड़ का मुआवजा देने की मांग की है, ताकि उन्हें इस संकट की घड़ी में थोड़ी राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि जिले में भाजपा के दो सांसद, तीन विधायक व एक मंत्री होने के बावजूद भी किसानों की बाजरा की फसल मंडियों में नहीं खरीदी जा रही है।

## राहुल शर्मा को मिला वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ऑफ एक्सीलेंस अवार्ड, दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

जिला सैनिक परिवार भवन आईटीआई के हिंदी स्टेनो छात्र राहुल शर्मा को वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ऑफ एक्सीलेंस अवार्ड मिला है। आईटीआई स्टाफ ने राहुल को सम्मानित किया। ज्ञात रहे कि निफा संस्था ने हरियाणा के सर्वश्रेष्ठ युवा समाजसेवी के रूप में राहुल शर्मा को चुना था। संस्था की रजत जयंती समारोह में हरियाणा विस अध्यक्ष धर्मेंद्र कल्याण, स्वामी ज्ञान आनंद, प्रीतपाल सिंह पन्नू, वर्तमान में निफा



चरखी दादरी। राहुल शर्मा को सम्मानित करते आईटीआई स्टाफ सदस्य।

की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अश्विनी शेट्टी राष्ट्रीय संयोजक एडवोकेट नरेश बराना, हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष श्रवण शर्मा ने वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस इंग्लैंड से प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

### शुभकामनाएं दी

इस अवसर पर मॉरीशस के राष्ट्रपति द्वारा भेजे गए शुभकामना संदेश ने प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम में मॉरीशस और जापान से भी अतिथि शामिल हुए। निफा की ओर से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में पूरे विश्वभर से राज्यों से एक पुरुष एवं एक महिला समाजसेवी को सामाजिक योगदान के लिए यंग कम्युनिटी चैंपियन अवार्ड से भी सम्मानित किया गया। सैनिक परिवार भवन आईटीआई की अध्यापिकाओं ममता दत्ता ने दी बधाई।

## भांडवा, कारी धारणी में दस किसानों के पाइप चोरी

■ चोरी की वारदातों से किसान में पनप रहा रोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाढड़ा

गांव भांडवा व कारी धारणी खेतों से अज्ञात चोर दस से अधिक किसानों के खेतों से पाईप लाईन व नोजल चोरी कर ले गए। घटना के बाद लोगों में रोष बना हुआ है तथा पीड़ित किसानों ने पुलिस को शिकायत कर उचित कार्यवाही की मांग की है जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरु कर दी है। गांव भांडवा निवासी किसान सुरेंद्र सिंह, राजेश श्योराण व कारी धारणी निवासी राजेश कुमार, सुरेन्द्र सिंह, रामकिशन, लीलाराम, पहाड़ी सिंह, अजीत सिंह, हनुमान सिंह आदि ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह सभी किसान खेतीबाड़ी कर अपने परिवार की आजीविका चलाते हैं। मौजूदा समय में उन्होंने अपने खेतों में सिंचाई के उपकरण एकत्रित किए हुए हैं और 5 व 6 अक्टूबर की रात्रि को उनके भांडवा से कारी धारणी रोड़ के समीप खेतों में रखे सामान को उड़ा ले गए।



बाढड़ा। रात्रि को चोरी की गई नोजल पाईपों की जांच करती पुलिस टीम।

### पुलिस कर रही जांच

किसानों से चोरी की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम ने मौका मुआयना किया तथा आसपास के गांवों व सीसीटीवी के माध्यम से चोरी की घटना का सुराग लगाने का प्रयास किया। पिछले सप्ताह ही गांव जगरामबास से नोजल पाईप चोरी कर ले गए, जिनका अभी तक सुराग नहीं लग पाया है। सिंचाई के उपकरण एकत्रित किए हुए हैं और 5 व 6 अक्टूबर की रात्रि को उनके भांडवा से कारी धारणी रोड़ के समीप खेतों में रखे सामान को उड़ा ले गए। पीड़ित किसानों ने जिला प्रशासन से अविलंब प्रभाव से चोरी किए गए सामान को बरामद कर उनके खिलाफ तत्काल कड़ी कार्रवई की मांग की।

## मुक्केबाज ज्योति ने जीता कांस्य पदक, जश्न

■ मिनी क्यूबा के कोच अखिल की देखरेख में अभ्यास करती है मुक्केबाज ज्योति

■ आत्मरक्षा एवं शरीर को मजबूत करने को बेटियों का खेलों में भाग लेना जरूरी : कोच अखिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

चेन्नई में 30 सितंबर से 7 अक्टूबर तक वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में बीएफआई कप का आयोजन किया। मिनी क्यूबा के कोच अखिल कुमार की देखरेख में अखिल फिटनेस बॉक्सिंग एंड स्पोर्ट्स फाउंडेशन की मुक्केबाज ज्योति ने शानदार प्रदर्शन किया।



भिवानी। चेन्नई बीएफआई कप में कांस्य पदक जीतने वाली ज्योति।

### प्रोत्साहित किया

उन्होंने कहा कि ज्योति का पहला मुकाबला महाराष्ट्र की पूनम से था, जो हाल ही में एलिट वूमेन नेशनल चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीत चुकी थी। इसके बाद ज्योति का अगला मुकाबला चंडीगढ़ की मुक्केबाज से आसान जीत दर्ज कर अगले दौर में जगह बनाई। ज्योति का सेमीफाइनल मुकाबला हरियाणा की प्रिया से था, जो बेहद मजबूत और अनुभवी प्रतिद्वंद्वी थी। कोच ने बताया कि दिग्गज मुक्केबाज के सामने ज्योति को मामूली से अंतर से हार का सामना करना पड़ा। कोच अखिल ने कहा कि सभी बच्चों को अपने शारीरिक और मानसिक विकास के लिए खेलों में भाग जरूर लेना चाहिए। उन्होंने आज के समय को देखते हुए सभी महिलाओं और बेटियों से आग्रह किया कि उन्हें अपनी आत्मरक्षा और शरीर को मजबूत करने के लिए शारीरिक अभ्यास जरूर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि ज्योति की ये जीत न केवल उनकी व्यक्तिगत सफलता है, बल्कि ये देश की बेटियों को खेल और फिटनेस के लिए प्रेरित करने का एक सशक्त उदाहरण भी है। वहीं ज्योति के पिता जयसिंह और माता सावित्री देवी ने बेटी की जीत पर खुशी जताई। ज्योति की जीत पर दिल्ली एमेच्योर बॉक्सिंग के प्रेसिडेंट रोहित जैन, जनरल सेक्रेरी एनके भट्ट, कोषाध्यक्ष मोक्ष गुजराती, आशीष गुलिया, राजेश कुमारआदि रहे।

## महर्षि वाल्मीकि को किया नमन

■ शहर में निकाली शोभा यात्रा

■ एसडीएम ने कहा : महर्षि वाल्मीकि ने दिया आदर्शवाद का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोहारू

संत महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना के अंतर्गत मंगलवार को प्रशासन द्वारा महर्षि वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य में महर्षि वाल्मीकि मंदिर परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में एसडीएम मनोज दलाल ने शिरकत की।



लोहारू। कार्यक्रम में एसडीएम को सम्मानित करते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

### महापुरुषों के आदर्श लोगों के लिए प्रेरणा

मार्केट कमेटी चेयरमैर एवं एडवोकेट संजय नेहरा ने कहा कि सरकार ने दूरगामी सोच के तहत संत-महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना के तहत संत-महापुरुषों की जयंती सरकारी तौर पर आयोजित करने का निर्णय लिया है, जो बहुत ही कारगर साबित हो रहा है।

## अभिभावकों का सहयोग अधिगम प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका : फौगाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

अभिभावकों व अध्यापकों के सहयोग से ही छात्रों का सर्वांगीण विकास संभव है। अभिभावकों का सहयोग अधिगम प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, ये बात एचडी किड्स सेंटर समसपुर संचालक बलराज फौगाट ने स्कूल में आयोजित अभिभावक अध्यापक मिलन समारोह के दौरान कही। विद्यार्थियों को उनके लक्ष्य के प्रति सजग करने के लिए अभिभावकों के सहयोग की अपेक्षा करते हुए एचडी किड्स केयर समसपुर में अध्यापक अभिभावक मिलन समारोह



भिवानी। शिक्षकों से बच्चों की रिपोर्ट लेते अभिभावक। *फोटो: हरिभूमि*

आयोजित किया, जिसमें छोटे-छोटे बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विचार विमर्श किया। विद्यालय की अध्यापिका अंजलि कालरा ने कहा कि ग्रामीण आंचल के विद्यार्थी प्रतिभा के भंडार हैं, लेकिन उचित मार्गदर्शन की जरूरत है।

**प्रवचन** महापुरुषों को परमात्मा के तुल्य माना गया है उनके जीवन से प्रेरणा लेना जरूरी

*जब संत धरा पर आते हैं तो चेताते हैं कि यह दुनिया एक सराय है*

## वाल्मीकि ने श्रीराम के जीवन चरित्र को जन जन तक पहुंचाया : कंवर साहेब

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

वाल्मीकि जी ने रामायण के द्वारा रामचंद्र के जीवन चरित्र को जन जन तक पहुंचाया। उनकी बानी ऐसी अमिट छाप छोड़ गई कि युग परिवर्तनों के पश्चात भी श्री राम की मर्यादाएं हमारे जीवन को आदर्श देती हैं। यह सत्संग वचन परमसंत सतगुरु कंवर साहेब ने दिनोद गांव में स्थित राधास्वामी आश्रम में साध संगत को फरमाए। हुजूर महाराज ने संगत को महर्षि बाल्मीकि जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महापुरुषों को परमात्मा के तुल्य माना गया है और उनके द्वारा रचित बानी को दिव्य बानी।



भिवानी। आयोजित सत्संग में प्रवचन देते संत कंवर साहेब।

### जीवन का महत्व बताया

जब संत महापुरुष धरा पर आते हैं तो जीव को चेताते हैं कि यह दुनिया हमारे लिए एक सराय की भांति है। इस सराय में हम सब कर्मों का भार उतारने आते हैं। कर्म का कर्जा चुकाए बिना आवागमन नहीं छूटता। कर्मों का लेखा ही आपकी अगली यौनी को तय करता है। कर्म का लेखा केवल संत ही मिटा सकते हैं क्योंकि वो त्रिकालदर्शी है चारो युगों के ज्ञाता हैं। जो माया के चकाचौंध में अंधे होकर संतो की बानी को अनदेखा कर देते हैं वो काल के भंवर में फंसे रहते हैं। हुजूर कंवर साहेब ने फरमाया कि संतो ने कभी किसी को कोई दुख कष्ट नहीं दिया बल्कि उन्होंने तो प्रेमा भक्ति का मार्ग ही प्रशस्त किया। बिना लग्न के भक्ति संभव नहीं है। जो लगा रहता है वो परमात्मा के रस को पा भी जाता है। संतो ने अंतर भक्ति से जो नाम अमीरस को पकाया है उसको पाकर जीव अपना कल्याण के जाता है।



# बाहुबली: द एपिक 31 को होगी रिलीज

**मुंबई।** बाहुबली भारतीय सिनेमा की एक कल्ट फ्रेंचाइजी है, जिसकी दोनों ही फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड स्थापित किए हैं। बाहुबली: द बिगनिंग और बाहुबली 2: द कन्क्लूजन दोनों ही फिल्में आज भी दर्शकों के बीच काफी लोकप्रिय हैं। अब निर्देशक एसएस राजामौली 'बाहुबली: द एपिक' लेकर आ रहे हैं, जो 31 अक्टूबर को रिलीज हो रही है। बाहुबली के निर्माता शोबू यार्लागड्डा ने बताया कि यह किरदार शुरू से ही प्रभास को ध्यान में रखकर लिखा गया था और किसी अन्य अभिनेता को कोई ऑडिशन या प्रस्ताव नहीं दिया गया था। यह एक ऐसा खुलासा है जो उन फैंस को आश्चर्यचकित कर सकता है।

लाइफ Style

# नोरा

## 'दिलबर की' में जबरदस्त डांस मूव्स

एजेंसी ⏭ मुंबई

फिल्म 'थामा' का नया गाना 'दिलबर की आंखों का' रिलीज हो चुका है। इस गाने में नोरा फतेही ने जबरदस्त डांस मूव्स से फैंस का दिल जीत लिया है। रश्मिका मंदाना और आयुष्मान खुराना की आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'थामा' का हाल ही में गाना 'तुम मेरे न हुए' रिलीज हुआ था। वहीं, मंगलवार को निर्माताओं ने फिल्म का एक नया गाना 'दिलबर की आंखों का' रिलीज कर फैंस को सरप्राइज कर दिया है।

मंगलवार को मैडॉक फिल्म्स ने अगामी फिल्म 'थामा' का एक नया गाना 'दिलबर की आंखों का' रिलीज कर दिया है। इस गाने के आने से साफ हो गया है कि अब नोरा फतेही भी मैडॉक्स हॉरर फिल्म का हिस्सा बन गई हैं। 'थामा' फिल्म के निर्माताओं ने फिल्म का नया गाना 'दिलबर की आंखों का' रिलीज कर फैंस को खुश कर दिया है। इस गाने के साथ निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, 'दिवाली और भी ज्यादा गरम हो गई। 21 अक्टूबर को, दुनिया भर के सिनेमाघरों में थामा के साथ एक खूनी प्रेम कहानी लेकर आ रहा है।' नोरा फतेही के जबरदस्त डांस मूव्स पर कई फैंस ने कमेंट कर अपनी राय पेश की है। एक फैन ने लिखा, 'हे भगवान सच में फिर से आग लग गई', एक और फैन ने लिखा, 'रानी वापस आ गई है ', तो वहीं कई फैंस ने नोरा के इस डांस को तमन्ना भाटिया के डांस से कंपेयर किया है। एक फैन ने लिखा, 'वही डांस, वही मूव्स, वही एक्सप्रेशन, वही कपड़े सब कुछ एक जैसा'। एक फैन ने लिखा, 'धमाकेदार', एक और फैन ने लिखा, 'नोरा का हर कदम आग।' फिल्म 'थामा' एक रोमांटिक कॉमेडी हॉरर प्रेम कहानी है। इसका निर्देशन आदित्य सरपोतदार ने किया है।



## हॉलीवुड मसाला

# जेम्स के पोस्टर्स से की छेड़छाड़




**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड से चौंका देने वाली खबर सामने आ रही है। अमेजन प्राइम वीडियो ने हाल ही में जेम्स बॉन्ड की क्लासिक फिल्मों के पोस्टर्स से गन यानी बंदूकें हटा दी हैं। यह बदलाव देखने के बाद सोशल मीडिया पर फैन्स ने गुस्सा जाहिर किया और कहा कि यह संस्कृति के प्रतीक के साथ खिलवाड़ है। पिछले हफ्ते अमेजन प्राइम वीडियो यूके ने अपनी वेबसाइट पर जेम्स बॉन्ड सीरीज की नई प्रमोशनल पोस्टर इमेजेस रिलीज की थीं।



# बॉक्स ऑफिस रिजल्ट्स पर हमारा कंट्रोल नहीं होता...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के सुपरस्टार ड्वेन जॉनसन के फैंस को उनकी नई फिल्म 'द स्मैशिंग मशीन' से काफी उम्मीदें थीं। लेकिन, ओपनिंग वीकेंड पर यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर वह कमाल नहीं दिखा पाई जिसकी उम्मीद की जा रही थी। लगभग 50 मिलियन डॉलर यानी 415 करोड़ के बजट में बनी इस खेल-आधारित ड्रामा फिल्म ने पहले तीन दिनों में सिर्फ 6 मिलियन डॉलर यानी 4.98 करोड़ की कमाई की।। बॉक्स ऑफिस के निराशाजनक प्रदर्शन के बावजूद ड्वेन जॉनसन ने अपने सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट साझा किया। उन्होंने लिखा- 'दिल की गहराइयों से धन्यवाद उन सभी को जिन्होंने 'द स्मैशिंग मशीन'देखी। बॉक्स ऑफिस रिजल्ट्स पर हमारा कंट्रोल नहीं होता, लेकिन हम अपने परफॉर्मेंस पर पूरा भरोसा रख सकते हैं। इस किरदार को निभाना मेरे लिए एक जीवन-परिवर्तनकारी अनुभव रहा।'



# मिर्जापुर: द फिल्म की शूटिंग शुरू की

**मुंबई।** अभिनेत्री श्वेता त्रिपाठी ने वेब सीरीज 'मिर्जापुर' पर बनी फिल्म 'मिर्जापुर: द फिल्म' की शूटिंग शुरू कर दी है। वे इसमें अपनी पॉपुलर भूमिका गजगामिनी 'गोलू' गुप्ता के रूप में लौट रही हैं। यह फिल्म 2026 में रिलीज होगी। पंकज त्रिपाठी, अली फजल और दिव्येंदु शर्मा भी अपनी भूमिकाओं में वापस आ रहे हैं। श्वेता ने 'मिर्जापुर: द फिल्म' को लेकर कहा, 'गोलू मेरे लिए सिर्फ एक किरदार नहीं, बल्कि साल से मेरी जिंदगी का साथी है। बड़े पर्दे पर उसका सफर देखना कमाल का और सपने जैसा लग रहा है।' श्वेता वाराणसी को अपना 'दूसरा घर' मानती हैं। उन्होंने बताया कि उनके कॅरियर के कई प्रोजेक्ट इस शहर से जुड़े हैं, जैसे नीरज घायवान की फिल्म मसान, शो एस्केप लाइव और कालकूट। श्वेता ने कहा, यह शहर मुझे हमेशा बुलाता है।



# हैवान में निगेटिव रोल में आएंगे नजर

**मुंबई।** मंगलवार को अक्षय कुमार फिक्की फ्रेम्स 2025 कार्यक्रम में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में उन्होंने साइबर क्राइम जैसी बातों को लेकर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने लंबी चर्चा की। इसी दौरान अपनी फिल्म 'हैवान' को लेकर उन्होंने मुख्यमंत्री से सलाह मांगी। साथ ही अपने किरदार का जिक्र भी कर दिया। कार्यक्रम में अक्षय ने कहा, 'मैं एक ऐसी फिल्म कर रहा हूं, जिसमें निगेटिव रोल निभा रहा हूं। मैं सोच रहा था कि मुझे यह करना चाहिए या नहीं। फिल्म का नाम 'हैवान'है। लेकिन, अंत में मैं हार जाता हूं। हैवान हार जाता है। इस पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अक्षय कुमार को सपोर्ट किया और कहा, 'हां, आपको यह रोल जरूर करना चाहिए। आप जैसे मल्टी टैलेटेंड एक्टर को हर तरह के रोल निभाने चाहिए।

## टीवी मसाला



# जावेद अख्तर ने बिग बी को राज खोलने से रोका

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता अमिताभ बच्चन द्वारा होस्ट किए जाने वाले शो कौन बनेगा करोड़पति का नया प्रोमो सामने आया है। इसमें लेखक जावेद अख्तर और उनके बेटे फरहान अख्तर नजर आ रहे हैं। इस नए प्रोमो में बिग बी, जावेद अख्तर के बारे में कुछ मजेदार राज बता रहे हैं। साथ ही फरहान के साथ काम करने के अपने अनुभव के बारे में भी कुछ कहते दिखाई दे रहे हैं। प्रोमो की शुरुआत में फरहान और जावेद अख्तर, बिग बी को केक काटकर खिलाते हुए दिख रहे हैं, क्योंकि 11 अक्टूबर को अमिताभ का जन्मदिन है। इसके बाद बिग बी ने फरहान के साथ की गई 'लक्ष्य' फिल्म का अनुभव बताया। उन्होंने कहा, 'रात को ये हमारे कमरे में आए। अमिताभ अंकल, क्या आपको कोई दिक्कत हो रही है? पहली बार लगा कि मैं एक नौसिखिया ही हूं और ये उस्ताद बैठा हुआ जो कह रहा है देखो बेटा हम तुमको बताते हैं कैसे एक्टिंग करनी चाहिए।' इसके बाद सभी आश्चर्य होकर हंसने लगते हैं। आगे प्रोमो में फरहान, जावेद अख्तर और अमिताभ बच्चन से कहते हैं कि वो दोनों एक-दूसरे के बारे में कोई एक गुण बताएं। इस पर जावेद ने कहा, वह इंडस्ट्री में इतने सारे गुणों वाले इकलौते इंसान हैं, जो मैंने अब तक देखा है। फिर फरहान पूछते हैं कि दोनों में से महिलाओं के बीच कौन ज्यादा लोकप्रिय था। इसके जवाब में जावेद थोड़ा हिचकिचाते हैं, लेकिन बिग बी उनकी ओर इशारा करते हुए बताते हैं कि जावेद ही वो शख्स हैं जिन्हें महिलाएं ज्यादा पसंद करती हैं। उन्होंने आगे कहा, 'मैं बताऊं आपको' जिस पर जावेद तुरंत बीच में ही टोकते हैं, 'सब मत बताइएगा।'

## टास्क के बाद फूट-फूटकर रोईं तान्या

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो बिग बॉस 19 में मालती चाहर ने आते ही तान्या मित्तल को आईना दिखा दिया था। एक्ट्रेस ने तान्या मित्तल को बताया कि



बाहर उसके बारे में किस तरह का माहौल बन रहा है। लोगों को उसकी कही बातों पर बिल्कुल भी यकीन नहीं है। लेकिन, मालती की बातों को तान्या ने बिल्कुल भी गंभीरता से नहीं लिया। फिर एक टास्क के दौरान मालती ने ऐसी हरकत की कि तान्या रोने लगी। बाद में शो के बाकी प्रतियोगियों को मालती ने तान्या के बारे में काफी सारी बातें बताईं। जिन्हें सुनकर सब हैरान हो गए। बिग बॉस 19 के हालिया रिलीज प्रोमो में घर में एक टास्क चल रहा है, जिसे मालती चाहर लीड कर रही हैं। वह तान्या को स्विमिंग पुल में धक्का देती हैं। तान्या वहां से बाहर आने के बाद वॉशरूम में जाकर बहुत देर तक, फूट-फूटकर रोती हुईं नजर आती हैं। मातली आकर पूछती है, क्या हुआ? तान्या कहती है, मैं तुम्हारी वजह से रो नहीं रही हूं।


# ऐश्वर्या ने शेयर कीं पेरिस फैशन वीक की शानदार तस्वीरें



**पेरिस।** ऐश्वर्या राय बच्चन ने मंगलवार को पेरिस फैशन वीक 2025 में सितारों के साथ शानदार तस्वीरें शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। उन्होंने सौशल मीडिया हैंडल पर बैकस्टेज की दो कमाल की ग्रुप फोटो शेयर कीं, जिनमें हॉलीवुड और फैशन की बड़ी हस्तियां नजर आ रही हैं। पहली तस्वीर में ऐश्वर्या काले रंग के स्टाइलिश कपड़ों में हेडी क्लम, वियोला डेविस, केंडल जेनर, एले फैनिंग, ईवा लोंगोरिया, एंडी मैकडॉवेल, सिंडी क्रॉफर्ड, लूमा ग्रोथ और अजा नाओमी किंग जैसे सितारों के बीच खड़ी हैं। वहीं, दूसरी तस्वीर एक सीढ़ी पर ली गई है, जहां सभी सितारे अपने-अपने ग्लैमरस कपड़ों में पोज दे रही हैं। यहां कैमिला कैबेलो, वियोला डेविस, एंडी मैकडॉवेल, हेडी क्लम, ईवा लोंगोरिया, एले फैनिंग, सिंडी क्रॉफर्ड, लूमा ग्रोथ और अजा नाओमी किंग दिखीं। यह इवेंट लोरियल का सालाना रनवे शो 'ले डेफिले 2025' था, जो सौंदर्य और महिलाओं की ताकत पर जोर देता है। ऐश्वर्या ने एक और पोस्ट में वीडियो शेयर किया, जिसमें वे डिजाइनर मनीष मल्होत्रा के हीरों वाली ड्रेस में कमाल लग रही हैं। वीडियो में वे सिमोन एश्ले (ब्रिजर्टन स्टार) से बात करती नजर आईं। उनकी बेटी आराध्या भी साथ थीं। मां-बेटी की जोड़ी सेल्फी लेती, हंसती और मजे करती दिखी।

# सिग्नल पर भीख मांगती थी फिल्मों की ये साइड एक्ट्रेस अनिल, आमिर की फिल्मों में किया था शानदार काम

**नई दिल्ली।** हिंदी फिल्मों में कई ऐसे साइड किरदार नजर आए होंगे जो आपको पसंद तो बहुत हैं, लेकिन उनके बारे में कम ही जानकारी मौजूद है। ऐसी ही एक करैक्टर आर्टिस्ट थीं मिस मिमी। इन्हें आपने 90 के दशक की कई फिल्मों में अपने बढे हुए वजन के साथ देखा होगा। मिस मिमी कोई एक्टर नहीं थीं, बल्कि सिग्नल पर भीख मांगने वाली एक ऐसी लड़की थी जिसकी दिमागी हालत ठीक नहीं थी। सिग्नल से फिल्मों तक का सफर किसी चमत्कार से कम नहीं था।



### आमिर की फिल्म से शुरुआत

आमिर खान और माधुरी दीक्षित की फिल्म दिल तो आपको याद ही होगी। इस फिल्म में एक बॉक्सिंग मुकाबले का सीन आता है, जहां आदिल ईरानी हार जाते हैं। उस हार के पेनल्टी के रूप में मिस मिमी उन्हें किस करती हैं। उसी एक सीन ने उन्हें नाम दिया मिस मिमी। इस बारे में एक इंटरव्यू में आदिल ईरानी ने बताया कि मिस मिमी को उन्होंने सड़क पर एक भिखारिन के रूप में देखा था, तब उनके भाई इंदर कुमार ऐसा लुक ढूंढ रहे थे। और उसी से इंस्पायर्ड होकर उन्होंने उस लड़की को दिल फिल्म में छोटा रोल दिया और एक्टिंग करवाई।

### मुंह से आती थी बदबू

आदिल ने कहा कि उस किस सीन में जब मिस मिमी अपना चेहरा उनके करीब ले जाती हैं, तो उनके मुंह से बदबू आ रही थी। मिस मिमी के मुंह से आने वाली उस बदबू ने उन्हें अजीब महसूस कराया। बाद में कहा जाता है कि मिस मिमी ने बेटा और दिलजले जैसी फिल्मों में भी काम किया। लेकिन, मानसिक रूप से पूरी तरह स्वस्थ न होने के कारण, वो जो कुछ भी मिल जाता, वही खा लेती थीं। इस वजह से एक दिन उनकी तबीयत बिगड़ गई और वे बुरी तरह बीमार हो गईं। रिपोर्ट ये भी हैं कि मिस मिमी का एक्सीडेंट हो गया था।

## करवा चौथ का त्योहार हर साल पति-पत्नी के रिश्ते को बनाता है मजबूत

# इस साल ये जोड़ियां मनाएंगी अपना पहला करवा चौथ

*नई दिल्ली। करवा चौथ का त्योहार हर साल पति-पत्नी के रिश्ते को और मजबूत बनाता है। इस बार कई नई शादीशुदा जोड़ियां अपना पहला करवा चौथ धूमधाम से मनाएंगी। ये जोड़ियां न केवल अपने रिश्ते को नया रंग देंगी, बल्कि फैंस के लिए भी यह त्योहार खास बन जाएगा। करवा चौथ की हार्दिक शुभकामनाओं के साथ ये टीवी सेलेब्स भी करवा चौथ का जश्न मनाएंगे।*



### अरमान मलिक और आशना श्रॉफ

मशहूर सिंगर अरमान मलिक ने हाल ही में आशना श्रॉफ से शादी की है। यह उनका पहला करवा चौथ होगा, जो काफी खास होने वाला है। 2019 से एक-दूसरे को डेट करने के बाद अरमान मलिक और आशना श्रॉफ ने 2 जनवरी, 2025 को शादी की थी। दानों ने इंस्टाग्राम पर 'तू ही मेरा घर' के खास कैप्शन के साथ अपनी शादी की तस्वीरें शेयर की थीं। अरमान मलिक एक मशहूर बॉलीवुड प्लेबैक सिंगर हैं, जबकि आशना श्रॉफ एक भारतीय फैशन और ब्यूटी ब्लॉगर, यूट्यूबर और सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर हैं।



### अंशुला कपूर और रोहन ठक्कर

अंशुला कपूर और रोहन ठक्कर ने हाल ही में सगाई की है, जिसकी शानदार तस्वीरे अभी भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। बॉलीवुड एक्टर अर्जुन कपूर की बहन अंशुला ने 2 अक्टूबर को रोहन से सगाई की है। हो सकता है कि अंशुला सगाई के बाद रोहन के लिए करवाचौथ का व्रत रखें।



### अविका गौर और मिलिंद चंदवानी

टीवी सीरियल 'बालिका वधु' से घर-घर प्रसिद्ध हुईं अविका गौर ने हाल ही में अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड मिलिंद चंदवानी से शादी की है। उनकी शादी 'पति पत्नी और पंगा' के सेट पर हुई थी। यह अविका का पहला करवा चौथ होगा। अविका ने 'ससुराल सिमर का' समेत कई हिट शोज और वेब सीरीज में अभिनय किया है।

***झील मेहता और आदित्य दुबे :*** *अभिनेत्री झील मेहता ने आदित्य दुबे से विवाह किया है। नई दुल्हन झील इस त्योहार को पति के लिए व्रत रखकर सेलिब्रेट कर सकती हैं। झील मेहता ने अपने लंबे समय के साथी आदित्य दुबे से शादी की है। उन्होंने दिसंबर 2024 में भव्य शादी की थी। फिर फरवरी 2025 में अपनी कानूनी शादी (रजिस्ट्री) पूरी की। अभिनेत्री झील मेहता 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में सोनू के किरदार के लिए मशहूर हैं।*

# युवा व समाज की सकारात्मक सोच जगाने के प्रयास में जुटी समिति

- सम्मान एक प्रयास समिति द्वारा युवाओं के उज्ज्वल भविष्य व रोजगार पर सेमिनार का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर मंगलवार को सम्मान एक प्रयास समिति द्वारा जिला के गांव जाटु लोहारी स्थित सामुदायिक केंद्र में युवाओं के उज्ज्वल भविष्य व रोजगार के विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के संस्थापक एवं अध्यक्ष डा. राजेश कुमार ने की। इस कार्यक्रम के दौरान वक्तागणों ने 12वीं कक्षा के उपरांत विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य व रोजगार की राह पर प्रशस्त करने के उद्देश्य से उन्हे जानकारियां दी गई। कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर समिति ने विशेष तौर पर कोच मेनपाल राठौड़ व उनकी टीम का धन्यवाद जताया। राजकीय महिला महाविद्यालय बवानी खेड़ा के सहायक प्राध्यापक डा. अमित कुमार ने भूगौल, राजनीतिक विज्ञान एवं मनोविज्ञान जैसे विषयों में निष्णात (निपुण) होकर विद्यार्थी नगरीय योजनाकर, अधिवक्ता, न्यायमूर्ति तथा मनोचिकित्सक इत्यादि बन सकते है। युवाओं को चाहिए कि वे अपनी योग्यता एवं रूचि अनुसार विषय का चुनाव करें। राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डा. नवनीत ढ़ांडा ने विद्यार्थियों को बीएससी मैडिकल व बीएससी नॉन मैडिकल के बारे में बताया तथा कहा कि इस क्षेत्र में नौकरी व स्वरोजगार की अपार संभावनाएं हैं, जिन्हे अपनाकर विद्यार्थी स्वयं के साथ-साथ राष्ट्र उत्थान में भी अपनी भूमिका सुनिश्चित कर सकते हैं।


भिवानी। आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित समिति के पदाधिकारी।

### युवा योग्यता व रूचि के विषय चुनें:जांगड़ा

मुख्य वक्ता पहुंचे एमएनएस राजकीय महाविद्यालय भिवानी से एसोसिएट प्रो. डा. अजीत जांगड़ा ने कहा कि जीवन में सफलता हासिल करने के लिए जरूरी है कि विद्यार्थी अपनी प्रतिभा को स्वयं पहचाने तथा उसी क्षेत्र में आगे बढ़ते हुए कामयाबी हासिल करें। वही टीआईटीएस से सहायक प्राध्यापिका डा. अंजू ने कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम विद्यार्थियों को अपने भविष्य संबंधी राह चुनने के लिए जागरूक करते हैं तथा विद्यार्थी बैंकिंग, स्टार्टअप व कारपोरेट जगत में अपना उज्जवल भविष्य बनाने के लिए प्रेरित होते हैं। राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डा. परमानंद ने कंप्यूटर के क्षेत्र में विभिन्न कोर्सो में अपना रोजगार बनाने की बात कहते हुए कहा कि आज कंप्यूटर का युग है। ऐसे में यदि कंप्यूटर के क्षेत्र को चुनते है तो निश्चित रूप से अपना भविष्य उज्ज्वल बना सकते हैं।

### शिक्षा बारे विद्यार्थियों को जागरूक किया

इस मौके पर सम्मान एक प्रयास समिति के संस्थापक एवं अध्यक्ष डा. राजेश कुमार ने खेल संबंधी शिक्षा बारे विद्यार्थियों को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी सीपीएड, बीपीएड, एमपीएड, एमफिल, पीएचडी एवं यूजीसी नेट आदि कर शारीरिक शिक्षा के क्षेत्र में रोजगार पा सकते हैं। वही एनआईएस कोर्स कर सरकारी नौकरी या स्वयं की अकादमी के माध्यम से रोजगार की राह पर आगे बढ़ सकते हैं। इस अवसर पर समिति के उपाध्यक्ष अनिल परमार, संयुक्त सचिव प्रो. अजीत कुमार, कोषाध्यक्ष प्रदीप कूमार, कोच मेनपाल, सुरेंद्र शर्मा, मा. अनिल सारसर, संजय सारसर, मंगल सिंह, जगदीश चंद्र गौतम, मा. नरेश, मा. अनिल सारसर, राकेश कुमार, राजा, रणजीत, अनिल फौजी, श्यामू, बिजेंद्र, चांदीराम, मा. अमित, मा. मंगल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## एसयूसीआई ने की फिलिस्तीन में ट्रम्प की शान्ति योजना की निंदा

**नारनौल।** एसयूसीआई कम्युनिस्ट के आह्वान पर मंगलवार को कार्यकर्ताओं ने फिलिस्तीन में डोनाल्ड ट्रम्प की तथाकथित शान्ति योजना के खिलाफ अखिल भारतीय निंदा दिवस के तहत पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस के सामने एकत्रित हुए। यहां से जुलूस के रूप में लेबर चौक पहुंचकर अमेरिकी राष्ट्रपति की ओर से फिलिस्तीन को उपनिवेश बनाने के प्रस्ताव के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन को सम्बोधित करते हुए एसयूसीआई कम्युनिस्ट के जिला सचिव कॉमरेड ओमप्रकाश ने कहा कि पश्चिम एशिया में युद्ध रोकने के नाम पर विशेष रूप से गाजा में फिलिस्तीनियों पर इजराइली आक्रमण को रोकने के नाम पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक शाति योजना प्रस्तावित की है।

## खबर संक्षेप



### श्रीराम कथा महायज्ञ का भव्य समापन

**भिवानी।** हालवास गेट स्थित लिटिल हार्ट्स पब्लिक स्कूल के सभागार में नौ दिनों से चल रहे संगीतमयी श्रीराम कथा महायज्ञ का सोमवार को भक्तिभाव और आध्यात्मिक वातावरण में भव्य समापन हुआ। कथा व्यास श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर बाल योगिनी संत शिरोमणि साध्वी करुणागिरी ने भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक प्रसंग का मनमोहक वर्णन करते हुए नौ दिवसीय कथा का सारांश प्रस्तुत किया। साध्वी करुणागिरी ने कथा समापन पर कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन त्याग, सेवा, मर्यादा और धर्मपालन का अद्वितीय उदाहरण है।

### बाला जी मंदिर में 12 को होगा हवन व भंडारा

**बवानी खेड़ा।** कस्बे के स्वतंत्रता सेनानी ठाकुर शंभू सिंह महिला महाविद्यालय के पास श्री नारायण दत्त बालाजी मंदिर में दीवाली महापर्व पर आयोजित किया जाने वाला संकटमोचन हवन, यज्ञ व भंडारे का आयोजन 12 अक्टूबर को आयोजित किया जाएगा। उसकी पूर्व संध्या पर कीर्तन 11 अक्टूबर को रात्रि में किया जाएगा।



### इमरजेंसी में रक्तदान के लिए आगे आए युवाशक्ति

**भिवानी।** मानव के रक्त का दुनिया में कोई विकल्प नहीं है। मानव शरीर का रक्त ही दूसरों में खून की कमी को पूरा कर किसी का जीवन बचा सकता है, इसीलिए रक्तदान से बढ़कर जीवन में कोई दूसरा मानव धर्म नहीं कहा जाता। अब बाढ़ के बाद मौसमी बुखार अपना कहर बरपा रहा है, जिसकारण रक्त की मांग दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। इसी के चलते देर रात निजी अस्पताल में दाखिल वायरल मरीज के लिए ओ पॉजिटिव फ्रेश ब्लड की पांच यूनिट की जरुरत होने पर उन्हें दो यूनिट सिविल अस्पताल ब्लड बैंक व तीन अन्य रक्तदाताओं मोनू, विकास व मोहन ने ब्लड बैंक में पहुंचकर रक्तदान किया।

## पंचायत भवन में महर्षि वाल्मीकि जयंती पर जिला स्तरीय कार्यक्रम

# संत और महापुरुषों के विचारों को जन जन तक पहुंचा रही है सरकार: सर्राफ

> हमें संत-महापुरुषों के जीवन मूल्यों व उपदेशों से शिक्षा लेनी चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

विधायक घनश्याम सर्राफ ने कहा कि प्रदेश सरकार संत-महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना के तहत संत-महापुरुषों के विचारों को घर-घर और जन-जन तक पहुंचाने का काम कर रही है। भगवान महर्षि वाल्मीकि ने रामायण की रचना की, जो हमारे जीवन के लिए पथ प्रदर्शक का काम करती है। उन्होंने कहा कि हमें संत-महापुरुषों के जीवन मूल्यों व उपदेशों से शिक्षा लेनी चाहिए। श्री सर्राफ भगवान महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर मंगलवार को पंचायत भवन में सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के तत्वावधान में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित जिला स्तरीय समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इस दौरान डीसी साहिल गुप्ता और एसडीएम महेश कुमार भी मौजूद रहे। विधायक ने कहा कि संत-महापुरुषों ने समाज को सही दिशा देने का काम किया है। सरकार ने दूरगामी सोच के तहत संत-महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना के तहत संत-महापुरुषों की जयंती सरकारी तौर पर आयोजित करने का निर्णय लिया है, जो बहुत ही कारगर साबित हो रहा है। इससे समाज में समरसता की भावना प्रबल होती है। उन्होंने कहा कि हमें संत-महापुरुषों की जयंती पर उनके बताए मार्ग पर चलने की शिक्षा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार हर वर्ग के लिए योजनाएं लागू कर रही है।


भिवानी। आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोग। फोटो : हरिभूमि

### ये मौजूद रहे

इस मौके पर सिविल सर्जन डॉ. रघुबीर शांडिल्य, जिला शिक्षा अधिकारी निर्मल दहिया,बीईओ डॉ. अनिल गौड़, ईओ नगर परिषद राजाराम, सफाई निरीक्षक विकास देसवाल, नगर परिषद कर्मचारी संघ प्रधान जयंत व सचिव रमेश कुमार, जिला कल्याण अधिकारी देवेंद्र कुमार, तहसील कल्याण अधिकारी अश्वनी व राजकुमार नांगल, नगर परिषद वाइस चेयरमैन संदीप तंवर, पार्षद संदीप यादव सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### भजनों की प्रस्तुति दी

कार्यक्रम में पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तथा डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन लैब स्कूल की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तथा जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग से दलबीर व उसकी भजन मंडली ने महर्षि वाल्मीकि के जीवन पर आधारित भजनों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि व अन्य मेहमानों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य चैकअप शिविर भी लगाया गया।

### सरकार लोगों के बीच जाकर समस्याएं सुन रही

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हरियाणा अनुसूचित आयोग के वाईस चेयरमैन बिजेंद्र बडगुज्जर ने कहा कि हरियाणा सरकार ने अनुसूचित जाति आयोग का गठन कर एससी वर्ग के हितों को सुरक्षित किया है। यह एक सुरक्षा कवच है। उन्होंने कहा कि आयोग के पास जो भी शिकायत पहुंचती है, उन पर गंभीरता से कार्रवाई की जाती है। सुनवाई में दोनों पक्षों को बुलाया जाता है, ताकि किसी के साथ अन्याय ना हो। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति आयोग पूरी पारदर्शिता के साथ कार्रवाई कर रहा है। आयोग लोगों के बीच जाकर भी समस्याएं सुन रहा है।



महर्षि वाल्मीकि व महाराजा अजमीढ़ को नमन करते अधिवक्तागण।

### अधिवक्ताओं ने मनाई महर्षि वाल्मीकि व महाराजा अजमीढ़ जयंती

**भिवानी।** कोर्ट परिसर स्थित जिला बार एसोसिएशन के सभागार में मंगलवार को महाराजा अजमीढ़ और भगवान महर्षि वाल्मीकि की जयंती धूमधाम से मनाई। इस मौके पर अधिवक्ताओं ने दोनों महान विभूतियों को श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनके आदर्शों पर चलते हुए समाज तथा राष्ट्र के उत्थान का संकल्प लिया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिवक्ताओं ने महाराजा अजमीढ़ और भगवान महर्षि वाल्मीकि के चित्रों पर पुष्प अर्पण कर उन्हें नमन किया। अधिवक्ताओं ने कहा कि इन महापुरुषों का जीवन और उनकी शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं और हमें सही राह दिखाती हैं। एसोसिएशन के प्रधान संदीप तंवर, सचिव विनोद भारद्वाज, पूर्व उपप्रधान संजय सोनी, अधिवक्ता अशोक बिड़ला व अधिवक्ता दीपेश सारसर ने महाराजा अजमीढ़ एवं भगवान महर्षि वाल्मीकि के जीवन आदर्शों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि समाज और राष्ट्र के उत्थान के लिए महापुरुषों की शिक्षाओं और आदर्शों को अपनाना नितांत आवश्यक है। इन महापुरुषों के सिद्धांतों को अपने जीवन में उतारकर ही हम सही मायनों में स्वर्णिम भविष्य का निर्माण कर सकते हैं। उन्होंने अधिवक्ताओं से अपील की कि वे न्याय के मार्ग पर चलकर इन

### बहल में मनाई गई वाल्मीकि जयंती

**बहल।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने महर्षि बाल्मिकि की जयंती मनाई गई और उनको याद करते हुए कहा कि समाज में समानता, एकता व पारस्परिक सौहार्द बढाने वाले रामायण महाकाव्य की शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि युवा पीढी को भगवान बाल्मिकि के जीवन से प्रेरणा लेकर संयमित और आदर्श जीवन जीना चाहिए। मार्केट कमेटी के चेयरमैन रवि महमिया, सरपंच साधूराम पनिहार, पूर्व सरपंच गजानंद अग्रवाल, वाइस चेयरमैन रामचंद्र टांडी, सतबीर चैहड़, भाजपा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रविन्द्र मंढोली, पूर्व चेयरमैन सुशील केडिया, वाइस चेयरमैन प्रमिला मान, सज्जन फौजी बिधनोई, अजय बिधनोई, सतपाल सुधीवास, रामसिंह सेरला, पवन सोनी, आदित्य शर्मा, सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन नरेश मोरका, मा. संतराम गरवा सहित अन्य लोगों ने कहा कि महर्षि बाल्मिकि ने रामायण की रचना कर लोगों को संयमित और मर्यादित जीवन जीने और सामाजिक समरसता का संदेश दिया था।

## चंद्रमा की 16 कलाओं से तैयार किया गया खीर का प्रसाद : वेदनाथ

- जोगीवाला शिव मंदिर में 2 क्विंटल दूध से बनी औषधि युक्त शरद पूर्णिमा का प्रसाद वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

सनातन धर्म में अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जाने वाली शरद पूर्णिमा इस साल दो दिन मनाई गई। 6 अक्टूबर को जहां खीर बनाकर रात्रि के समय इसे चंद्रमा की रोशनी में रखा गया वहीं अगले दिन 7 अक्टूबर को खीर प्रसाद का वितरण किया गया। सिद्धस्थल जोगीवाला शिव मंदिर में 2 क्विंटल दूध से बनी औषधि युक्त एवं पंचमेवा मिश्रित खीर बुधवार को श्रद्धालुओं में वितरित की गई। जोगीवाला शिव मंदिर धाम में महंत वेदनाथ महाराज ने अलसुबह पूर्णिमा तिथि पर खीर वितरण व आमजन के हित में किए हवन-यज्ञ के बाद कही। उन्होंने बताया कि शरद पूर्णिमा को चंद्र देवता और भगवान श्री हरि विष्णु की पूजा के लिए बहुत शुभ और फलदायी माना गया है। इस दिन इसका महत्व और भी बढ़ जाता है क्योंकि मान्यता है कि इसी दिन धन की देवी लक्ष्मी का प्राकट्य हुआ था। साथ ही इसी दिन भगवान कार्तिकेय का जन्म हुआ और श्री कृष्ण ने महारास रचाया था। यह पर्व इसलिए भी खास है क्योंकि चंद्रमा इस दिन अपनी 16 कलाओं से परिपूर्ण होता है। हवन यज्ञ के दौरान पंडित प्रदीप भारद्वाज, प्रदीप नाथ,गोपाल नाथ, रामेश्वर नाथ, नरेश नेशू, मा. संदीप शर्मा, राजेश गोदारा सहित अनेक श्रद्धालु व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### धार्मिक महत्व व खीर में चंद्रमा का प्रभाव

*महंत वेदनाथ महाराज ने बताया कि हिंदू मान्यता के अनुसार शरद पूर्णिमा के दिन चंद्रमा की अमृत किरणों का शरीर पर पड़ना बहुत शुभ माना गया है। चंद्रमा की शुभ किरणें मन को शांत और आनंदित करती हैं। साथ ही चंद्र देवता, माता लक्ष्मी और भगवान विष्णु की पूजा से सुख-समृद्धि का आशीर्वाद मिलता है। माना जाता है कि चंद्रमा की अमृत किरणों में रखी खीर का सेवन करने से सेहत और सौभाग्य में वृद्धि होती है।*

## अचल दीदी को किया नमन, दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

ईश्वरीय नियम मर्यादाओं में हिमालय सामान अचल सत्यता की प्रतिमूर्ति अचल दीदी में नैतिक आध्यात्मिक व मानवीय मूल्य कूट-कूट कर भरे हुए थे, जिन्होंने पंजाब, हरियाणा, हिमाचल, उत्तराखंड, जम्मू एवं कश्मीर, चंडीगढ़ में ईश्वरीय सेवाओं से मानवता को मानवीय मूल्यों का पाठ पढ़ाया, ये उद्गार प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की कादमा शाखा में उत्तरी क्षेत्र की निदेशक रही अचल दीदीजी के 11वें स्मृति दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी वसुधा बहन ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि जीवन में सकारात्मकता को लाना बहुत आवश्यक है सकारात्मक जीवन शैली एवं आध्यात्मिकता के बल पर हम भारत देश को विश्व का सिरमौर बना सकते हैं। झोझूकलां सेवाकेंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी ज्योति बहन ने कहा कि त्याग, तपस्या, पवित्रता की दिव्य मूर्ति थी अचल दीदी जी। हिमालय के समान अचल दीदी ने आध्यात्मिक व मानवीय मूल्यों के ज्ञान योग के जल से पंजाब की धरती को सींचा है। उन्होंने कहा कि 85 वर्ष तक ब्रह्माकुमारीज़ के उत्तरी क्षेत्र के निदेशक के रूप में अनेक ब्रह्माकुमारी बहने भाईयों को ईश्वरीय ज्ञान व राजयोग के बल से सात्विक आहार व्यवहार करना सिखाया। हम सभी उनके दिखाए हुए रास्ते पर चलते हुए समाज में नैतिक आध्यात्मिक व मानवीय मूल्यों को स्थापित करने का दृढ़ संकल्प लें यही उनके लिए सच्ची सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

> त्याग, तपस्या, पवित्रता की दिव्य मूर्ति थी अचल दीदी: बीके ज्योति


अचल दीदी को नमन करते बीके भाई बहन।

### दिव्य प्रवचन एवं ब्रह्मा भोजन का आयोजन किया

*अचल दीदीजी के स्मृति दिवस पर ब्रह्माकुमारी वसुधा बहन, पूर्व मुख्याध्यापक विनोद सांगवान, अशोक शर्मा सरपंच प्रतिनिधि रामबास, राजेंद्र व सुनील, शुभराम साहब गोपालवास, टेकचंद भारद्वाज, झोझूकलां सेवाकेंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी ज्योति बहन, नीलम आदि ने अचल दीदी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर दिव्य प्रवचन एवं ब्रह्मा भोजन का आयोजन किया। ब्रह्माकुमारी वसुधा ने कहा की अचल दीदी ईश्वरीय नियम मर्यादाओं में सदा अचल रहे उनका जन्म पंजाब के श्रीहरगोविंदपुर में हुआ। इसके बाद पंजाब सरकार में टीचर के रूप में अपनी सेवाएं दी तथा 23 वर्ष की अल्पायु में ही ब्रह्माकुमारी संस्था में अपने आपको समर्पित कर दिया।*

## चेन्नई बीएफआई कप में मुक्केबाज ज्योति ने जीता कांस्य पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

चेन्नई में 30 सितंबर से 7 अक्टूबर तक वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में बीएफआई कप का आयोजन किया। मिनी क्यूबा के कोच अखिल कुमार की देखरेख में अखिल फिटनेस बॉक्सिंग एंड स्पोर्ट्स फाउंडेशन की मुक्केबाज ज्योति ने शानदार प्रदर्शन किया। ज्योति की महत्वपूर्ण उपलब्धि से अखिल फिटनेस बॉक्सिंग एंड स्पोर्ट्स फाउंडेशन से जुड़े पूरे परिवार में खुशी का माहौल है। फाउंडेशन के निदेशक भिवानी निवासी कोच अखिल कुमार ने ज्योति के संघर्षपूर्ण सफर के बारे में विस्तार से बताया। ज्योति का पहला मुकाबला महाराष्ट्र की पूनम से था, जो हाल ही में एलिट वूमेन नेशनल चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीत चुकी थी। इसके बाद ज्योति का अगला मुकाबला चंडीगढ़ की मुक्केबाज से आसान जीत दर्ज कर अगले दौर में जगह बनाई। ज्योति का सेमीफाइनल मुकाबला हरियाणा की प्रिया से था, जो बेहद मजबूत और अनुभवी प्रतिद्वंद्वी थी। कोच ने बताया कि दिग्गज मुक्केबाज के सामने ज्योति को मामूली से अंतर से हार का सामना करना पड़ा। कोच अखिल ने कहा कि सभी बच्चों को अपने शारीरिक और मानसिक विकास के लिए खेलों में भाग जरूर लेना चाहिए। उन्होंने आज के समय को देखते हुए सभी महिलाओं और बेटियों से आग्रह किया कि उन्हें आत्मरक्षा करना चाहिए।

> मिनी क्यूबा के कोच अखिल की देखरेख में अभ्यास करती है मुक्केबाज ज्योति


भिवानी। चेन्नई बीएफआई कप में कांस्य पदक जीतने वाली ज्योति।

## विकास हाई स्कूल में साइबर अपराध पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

विकास उच्च विद्यालय, राजगढ़ (भिवानी) में साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन, भिवानी के द्वारा 'साइबर अपराध जागरूकता' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस जागरूकता अभियान में साइबर क्राइम भिवानी पुलिस स्टेशन नोडल ऑफिसर विष्णु सिंह , कुलदीप , हिमांशु , हरीश , व उनके साथ उनकी साइबर टीम से रोहित , आकाश व राजगढ़ गाँव से रविंद्र यादव मौजूद रहे। जागरूकता कार्यक्रम में बच्चों को साइबर क्राइम किस-किस प्रकार से होता है और हम इससे कैसे सावधान रहें या बचाव करें इसके बारे में विस्तार से जागरूक किया। विष्णु सिंह ने बच्चों को सोशल मीडिया के द्वारा होने वाले फ्रॉड के बारे में बताया।


भिवानी। आयोजित कार्यक्रम में साइबर अपराध से बचने के लिए जागरूक करते हुए।

### मोबाइल का प्रयोग बच्चे कम करें

*विकास स्कूल के प्रधानाचार्य ने साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन भिवानी से आए हुए ऑफिसर व उनकी पूरी टीम का इस आवश्यक जानकारी देने के लिए धन्यवाद किया व प्रधानाचार्य ने बताया स्कूल के द्वारा साल भर में बच्चों को मोबाइल का यूज न हो या मोबाइल का प्रयोग बच्चे कम करें इसके बारे में विद्यार्थियों को जागरूक किया जाता है। जिसके लिए बच्चों को शपथ भी दिलवाई जाती है। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य के द्वारा साइबर क्राइम स्टेशन भिवानी से आए हुए सदस्य और उनकी टीम को विद्यालय की तरफ से गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया।*

**विरोध** | आंखों पर काली पट्टी बांधकर सड़कों पर उतरे

# रायबरेली हत्याकांड व सीजेआई पर हमले के विरोध में एनएसयूआई ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

रायबरेली में अनुसूचित जाति वर्ग की कथित मॉब-लिंचिंग और सुप्रीम कोर्ट में मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई पर जूता फेंकने की घटना के विरोध में एनएसयूआई ने मंगलवार को विरोध प्रदर्शन किया। एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष मंजीत के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने एआईसीसी सचिव प्रदीप नरवाल के भिवानी कार्यालय के समक्ष शांतिपूर्ण जमावड़ा किया। कार्यकर्ताओं ने दोनों घृणास्पद घटनाओं को लोकतंत्र, न्याय पालिका और संविधान पर सीधा हमला करार दिया। विरोध प्रदर्शन के दौरान एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने अपने आंखों पर काली पट्टी बांधकर बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष मौन प्रदर्शन किया। उन्होंने रायबरेली में अनुसूचित जाति के युवक हरिओम की निर्मम हत्या को लेकर भाजपा सरकार पर सीधा आरोप लगाया। मनजीत ने कहा कि हरिओम की हत्या कोई साधारण घटना नहीं, बल्कि भाजपा सरकार की विचारधारात्मक नफरत और जातिगत राजनीति का परिणाम है। उन्होंने कहा कि आज देश में गरीब, दलित या संविधान की बात करता है, उसे दबाया या मिटाया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार की नफरत और बदले की राजनीति ने उसे मौत के घाट उतरवा दिया। वहीं सुप्रीम कोर्ट के सीजेआई बीआर गवई पर हुए हमले को एनएसयूआई ने न्याय पालिका पर राजनीतिक दबाव और भय का प्रतीक बताया और कहा कि हमला न्याय पालिका की स्वतंत्रता पर सीधा प्रहार है।


आंखों पर काली पट्टी बांधकर विरोध जताते एनरएसयूआई के कार्यकर्ता।

### पीड़ित परिवार को मुआवजे की मांग

इस दौरान उन्होंने रायबरेली के युवक हरिओम की हत्या की निष्पक्ष व उच्च-स्तरीय जांच, सुप्रीम कोर्ट में सीजेआई पर हमले की तेज और पारदर्शी जांच और दोषियों को सख्त सजा, सुरक्षा के लिए केंद्र और राज्य सरकार द्वारा ठोस नीति लाने, पीड़ित परिवार को मुआवजा, सुरक्षा व सम्मानपूर्वक न्याय देने की मांग की।

## खबर संक्षेप

### छात्राओं को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने व करने की दिलवाई शपथ

**भिवानी।** राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा पर विस्तार व्याख्यान और शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया। सेमिनार में विशेष रूप से ट्रैफिक एसएचओ सुरेश कुमार एव उनकी टीम ने शिरकत की। मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए एसएचओ सुरेश ने सड़क सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला।

### महर्षि वाल्मीकि प्रकट दिवस हर्षोल्लास से मनाया

**बवानीखेड़ा।** दादू नगरी बवानी खेड़ा स्थित महर्षि वाल्मीकि मंदिर में मंगलवार को महर्षि वाल्मीकि का जयंती उत्सव बड़ी धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और समाज के लोगों की भागीदारी रही। कार्यक्रम की शुरुआत नगर पालिका अध्यक्ष सुंदर अत्री द्वारा भगवान महर्षि वाल्मीकि के चरणों में ज्योति प्रज्वलित कर की गई।

### अफीम व डोडा पोस्त बरामदगी दूसरा भी काबू

**चरखी दादरी।** सीआईए स्टाफ ने ट्रक चालक से 192 ग्राम अफीम और 1.187 किलो डोडा पोस्त बरामद मामले में दूसरे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस प्रवक्ता योगेश कुमार ने बताया कि शुक्रवार को एएसआई विशाल टीम ने लाड गांव के समीप ट्रक चालक 192 ग्राम अफीम व 1 किलो 187 ग्राम डोडा पोस्त के साथ गिरफ्तार किया था।

### जीवन विज्ञान जीवन जीने का विज्ञानः साध्वी

**भिवानी।** तेरापंथ भवन में अनुविभा द्वारा निर्देशित अणुव्रत उद्बोधन सप्ताह के अंतिम दिन जीवन विज्ञान दिवस का आयोजन किया। शासनश्री साध्वी तिलकश्री ने कहा कि वर्तमान शिक्षा प्रणाली अधूरी है और जीवन विज्ञान इस अधूरेपन को संपूर्ण करता है। उन्होंने कहा कि आचार्य महाप्रज्ञ द्वारा प्रतिपादित जीवन विज्ञान विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का आधार बनता है। साध्वी महिमाश्री ने कहा कि जीवन विज्ञान का पाठ्यक्रम लागू होने से शिक्षा जगत में आमूल चूल परिवर्तन आ सकता है।

## महर्षि वाल्मीकि जयंती एवं अजमीढ़ महाराज जन्मोत्सव श्रद्धा से मनाया

# महर्षि वाल्मीकि ने समाज को सत्य,मर्यादा एवं आदर्श जीवन जीने का दिया संदेश

**बच्चों को अपनी संस्कृति,परंपरा और महापुरुषों के आदर्शों से जोड़ें: भारद्वाज**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। महर्षि वाल्मीकि को नमन करते शिक्षक व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

नेताजी सुभाषचंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति ने हनुमान ढाणी स्कूल के सभागार में महर्षि वाल्मीकि जयंती एवं अजमीढ़ महाराज जन्मोत्सव बड़े हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और दोनों महापुरुषों के प्रति पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में वातावरण भक्ति और संस्कृति की भावना से ओत-प्रोत रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता सावित्री यादव ने की, जबकि मुख्य वक्ता शिक्षाविद विजेंद्र यादव एवं संयोजक राष्ट्रपति अवार्डी अशोक कुमार भारद्वाज उपस्थित रहे। इस अवसर पर शिक्षाविद विजेंद्र यादव ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने समाज को सत्य, मर्यादा एवं आदर्श जीवन का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि समाज में फैली बुराइयों और भेदभाव को समाप्त कर हमें समरसता की भावना से आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन की ओर से विद्यार्थियों को स्वच्छता, शिक्षा और संस्कार के प्रति जागरूक रहने का संकल्प दिलाया गया। समारोह में सभी ने "जय महर्षि वाल्मीकि" और "जय अजमीढ़ महाराज" के जयघोष के साथ एकता और सद्भाव का संदेश दिया।

#### बताया सत्य का मार्ग

भारद्वाज ने भगवान श्रीराम के जीवन पर आधारित महान ग्रंथ रचकर मानवता को दिशा प्रदान की। निदेशक सावित्री ने कहा कि आज के समय में हमें अपने बच्चों में संस्कार, शिष्टाचार और समाज सेवा की भावना का विकास करना चाहिए, ताकि वे सच्चे नागरिक बन सकें। भारद्वाज ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि और अजमीढ़ महाराज जैसे महापुरुषों ने समाज को एकता, समानता और न्याय का संदेश दिया।

#### पूर्णिमा की चंद्र किरणों का विशेष महत्व

भिवानी। कुंगड़िया मंदिर में शरद पूर्णिमा पर उपचारित खीर का प्रसाद वितरण किया। इस मौके पर खीर लाभार्थियों को संबोधित करते हुए आचार्य डॉ. विनय मिश्रा ने कहा कि साल में 12 पूर्णमासी आती है, लेकिन शरद पूर्णिमा के चंद्र किरणों का विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि इन किरणों से उपचारित खीर रोगियों के लिए आरोग्य वरदान साबित होगी, क्योंकि आयुर्वेद आयु व ज्ञान का वेद ह यानी इससे आयु बढ़ाने तथा जीवनभर स्वस्थ रहने के तरीके ईजाद किए जाते हैं। यह उपचारित खीर विशेष तरह का आरोग्य टॉनिक है। इस दिन चंद्रमा अपनी ओजस्वी किरणों के साथ अमृत वर्षा करता है। इस खीर में दुर्लभ जड़ी बूटियां भी मिलाई गई थी, जो आयुर्वेद के हिसाब से श्वास, दमा व नजले में रामबाण साबित होगी। इस अवसर पर सैंकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे


भिवानी। श्रद्धालुओं को प्रवचन देते बाबू साहेब। फोटो : हरिभूमि

### आनंद परमानंद सत्संग धाम निंगाणा में मनाई महर्षि वाल्मीकि जयंती

**भिवानी।** आनन्द परमानन्द सत्संग आश्रम धाम निंगाणा में सतगुरु बाबूजी साहेब के सानिध्य में महर्षि वाल्मीकि जयंती पर सत्संग व भण्डारे का आयोजन हुआ। बाबू साहेब ने बताया कि वाल्मीकि जी रत्नाकर के नाम से प्रसिद्ध थे और सन्तों की संगत में आकर नाम का इतना भारी सिमरन किया कि उस समय के सबसे बड़े ग्रंथ रामायण की रचना कर डाली। उन्होंने बताया कि महर्षि वाल्मीकि ने पाप के भय से घबराकर सब बुरे कर्म त्याग दिये और एक शिकारी से महर्षि बन गए। उन्होंने संदेश दिया कि समय बड़ा बलवान है और रहेगा। इस तरह उनका जीवन सुधर गया और बड़े-बड़े अपराधियों को सही रास्ता दिखाया। इस अवसर पर शब्द गायक प्रकाश आनंद साहलेवाला, रामेश्वर तोशाम, सुधानन्द बीराण, राघबीर थिरपाली, सुरेन्द्र रामपुरा, सेवानन्द डाडम, सन्तोष, सुशीला सुरपुरा व निर्मला उपस्थित रही।

### महर्षि वाल्मीकि की शिक्षाओं पर चलने का संकल्प



**भिवानी।** महर्षि वाल्मीकि युवाशक्ति प्रेमनगर ने मंगलवार को गांव प्रेमनगर की वाल्मीकि चौपाल में महर्षि वाल्मीकि की जयंती मनाई। इस अवसर पर महर्षि वाल्मीकि का चित्र रखकर हवन किया तथा विशाल भंडारे का आयोजन किया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर गांव के सरपंच राजेश कुमार, ग्राम विकास शिक्षा समिति के प्रधान जोगेंद्र बूरा व महासचिव जयबीर बरवर सहित महर्षि वाल्मीकि युवा शक्ति प्रेमनगर के सभी सदस्यों ने महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर पुष्प अर्पण किए। सरपंच बूरा ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि युग पुरूष थे, जिनके मुख से भारतीय काव्य की शुरूआत हुई थी। समिति के प्रेस प्रवक्ता एवं पूर्व प्राचार्य रमेशचंद्र बूरा ने महर्षि वाल्मीकि की शिक्षाओं पर चलने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर दलबीर मैनेजर, योगेश गोठवाल, जोगेंद्र सिंह बूरा प्रधान, हरिपाल, बलजीत, गोविंदा, धर्मवीर, विकास, पप्पू, जयपाल, विक्की, आकाश आदि मौजूद रहे।

## महर्षि वाल्मीकि की शिक्षाओं से लें प्रेरणा : एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढड़ा

**महर्षि वाल्मीकि की शिक्षाएं आज के इस आधुनिक युग में भी प्रासंगिक**

एसडीएम आशीष सांगवान ने मंगलवार को बीडीपीओ कार्यालय बाढड़ा में स्थित भवन में सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग द्वारा संत महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रसार के तहत महर्षि वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित खंड स्तरीय कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि वेदों के ज्ञाता और ब्रह्म ज्ञानी थे। उन्होंने मानवता को शोषितों व पीड़ितों के प्रति करूणा व दया भाव रखने, त्याग करने का पाठ पढ़ाया। उन्होंने महाकाव्य रामायण की रचना की, जो हमें धर्म और कर्तव्य का पाठ पढ़ाती है। हमें महर्षि वाल्मीकि के जीवन और शिक्षाओं पर और विचार-विमर्श करना चाहिए। उनके दिखाए मार्ग पर चलना चाहिए उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार महर्षि वाल्मीकि जी की शिक्षाओं एवं आदर्शों के अनुरूप वंचित वर्ग का उत्थान करने में लगी हुई हैं। कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ग की भलाई के लिए नित नई-नई योजनाएं क्रियान्वित कर रही हैं। आज देश प्रगति की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने सफाई कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग का गठन किया है।


बाढड़ा। महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए।

#### यह है प्रावधान

सफाई कर्मियों को उनकी ड्यूटी पर मृत्यु होने की स्थिति में 5 लाख रुपये और सीवरेज में काम करते समय मृत्यु होने की स्थिति में 10लाख रुपये की बीमा राशि का प्रावधान किया गया है। अनुसूचित जाति के गरीब परिवारों की बेटियों की शादी पर सरकार की ओर से 71 हजार रुपये तक शगुन के रूप में दिए जाते हैं।

## मंत्री रणवीर सिंह गंगवा पहुंचे तोशाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

**विभिन्न योजनाओं के तहत भाजपा सरकार में आमजन के हित में हो रहे हैं कार्य : गंगवा**

सरकार में मंत्री रणवीर सिंह गंगवा तोशाम निवासी युवा भाजपा नेता शुभम शर्मा मीरानियां के प्रतिष्ठान पर पहुंचे। जहां उनका शुभम शर्मा सहित अन्य लोगों ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान रणवीर सिंह गंगवा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में विभिन्न योजनाओं के तहत आमजन के हित में कार्य कर रही है। जिसका लाभ आमजन को बखूबी मिल रहा है। उनका कहना था कि देश व प्रदेश में भाजपा सरकार में विकास कार्यों की गंगा बह रही है। जिसके तहत हरियाणा प्रदेश सहित देशभर में समान रूप से विकास कार्य हो रहे हैं जो भारतीय जनता पार्टी का सबका साथ सबका विकास नारा था वह धरातल पर स्पष्ट रूप से चित्रित होता नजर आ रहा है।


तोशाम। तोशाम पहुंचने पर मंत्री का स्वागत करते हुए।

#### ये रहे मौजूद

इस दौरान भाजपा के युवा नेता शुभम शर्मा मीरानियां सहित अन्य लोगों ने मंत्री रणवीर सिंह गंगवा का स्वागत किया तथा तीन बाण धारी बाबा खाटू श्याम का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सज्जन शर्मा, दिनेश शर्मा, सुरेश लाठर, राजेश शर्मा, अरुण शर्मा आदि मौजूद रहे।

## सरस्वती स्कूल में अर्धवार्षिक परीक्षा परिणामों की समीक्षा

- बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर शिक्षों व अध्यापकों ने किया मंथन

**चरखी दादरी ।** गांव कादमा स्थित सरस्वती विद्या मंदिर वमा विद्यालय में अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया। बैठक का उद्देश्य सितम्बर माह की अर्धवार्षिक परीक्षा परिणामों की समीक्षा, विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, व्यवहार एवं अन्य गतिविधियों पर चर्चा तथा पढ़ाई चुनौतियों का समाधान तलाशना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या निशा शर्मा के स्वागत भाषण से की।

उन्होंने अभिभावकों को विद्यालय की उपलब्धियों व शिक्षण पद्धतियों की जानकारी दी। बैठक में मोबाइल के अत्यधिक उपयोग पर विशेष चिंता व्यक्त की। शिक्षकों ने कहा कि ऑनलाइन अध्ययन के नाम पर बच्चे अक्सर गेम्स और सोशल मीडिया में समय गंवा देते हैं, जिससे पढ़ाई पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। स्कूल निदेशक मुन्नालाल शर्मा ने कहा कि बच्चों की सफलता के लिए अभिभावक और शिक्षक दोनों की संयुक्त भूमिका सबसे अहम है।

## निर्माणाधीन सड़क बनी परेशानी का सबब

- जान जोखिम में डालकार रास्ते से गुजर रहे वाहन चालक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहल

बहल- भिवानी रोड पर ऑटो मार्केट के समीप सडक़ की चौड़ाई बढाने के लिए खुदाई की गई जमीन लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गई है। विभाग द्वारा इस खाई से बचकर चलने की चेतावनी के लिए कोई साइन बोर्ड लगाया गया है और न ही बेरिकेटिंग लगाए है। वाहन चालक को इसका पता ही नहीं चल पा रहा है जिससे लोग रोज चोटिल हो रहे हैं। मंगलवार को भी इस गहरी खाई में दो बाइक सवार गिर गए पर गनीमत रही कि वो सुरक्षित बच गए। पिछले करीब तीन महीने से भिवानी सडक़ मार्ग की चौड़ाई बढाने का काम चल रहा है। सडक़ मार्ग की चौड़ाई बढाने का काम राजगढ रोड तक किया जाना प्रस्तावित है।



**सड़क पर हुए जलभराव के चलते फंसी मोटरसाइकिल को निकालने का प्रयास करते दो युवक, सता रहा हादसों का खतरा**

#### सड़क में बने गड्डे दे रहे हादसों को दावत

इस वजह से सडक़ मार्ग के साथ खाई बन गई। ऐसी स्थिति बन गई कि अगर सडक़ मार्ग से वाहन के नीचे उतरा तो उसका खाई में गिरना निश्चित है। पिछले दो दिनों से हो रही बारिश से हालत और भी ज्यादा खराब हो गए। बारिश से खुदाई की जगह पानी से लबालब भरने से ्रयह आभास नहीं हो रहा है कि जहां पानी भरा है, वहां खाई बनी हुई है। इस कारण हर रोज लोग उसमें गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। सोमवार को सडक़ चलते दो बाइक सवार गिर गए। आसपास के दुकानदारों ने उनको बड़ी मुश्किल से बाहर निकाला और उनकी देखभाल की।

#### ??

ऑटो मार्केट के दुकानदार प्रवीन कुमार, ऋषिपाल, मनोज, संजय सहित अन्य लोगों ने बताया कि लोक निर्माण विभाग की अनदेखी किसी वाहन चालक के लिए जानलेवा साबित हो सकती है। इतने व्यस्त मार्ग पर इस तरह से गहरी खाई बनाकर छोड़ दिया है जैसे किसी की जान से उनको कोई परवाह ही नहीं है। लोगों ने विभाग से अविलंब इसे सही किए जाने का अनुरोध किया है। लोगों ने कहा है कि अगर शीघ्र इसे सही नहीं किया गया तो वे आंदोलन करेंगे। लोक निर्माण विभाग ने भिवानी रोड पर सडक़ की चौड़ाई बढाने के लिए जो गहरी खाई बनाकर छोड़ दी है वो किसी की जान ले सकती है। विभाग द्वारा इसके लिए न तो कोई बेरिकेटिंग लगाई है और न हीं कोई ऐसा संकेतक बोर्ड लगाया है जिससे मार्ग से गुजरने वाले लोगों को इसका पता चल सके। विभाग को इसे सही करना चाहिए।

## इफेक्टिव क्लासरूम ऑब्जविशन के लिए ऑफलाइन प्रशिक्षण में दिए टिप्स

दीपक कुमार डुमड़ा ▶▶| बवानीखेड़ा

**तीन दिवसीय प्रशिक्षण में दूसरे दिन ऑनलाइन हुआ टेस्ट**

गुरूग्राम स्थित राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, हरियाणा की तरफ से प्रभावी कक्षा अवलोकन ''इफेक्टिव क्लासरूम ऑब्जर्वेशन'' फेस-3 को लेकर एबीआरसी, बीआरपी की ट्रेनिंग का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें राज्य के पहले हुए प्रशिक्षण से वंचित रहे एबीआरसी, बीआरपी कर्मचारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। ऑफलाइन प्रशिक्षण के दूसरे दिन प्रशिक्षण में गुरूग्राम स्थित राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद एससीईआरटी निदेशक आईएएस संवर्तक सिंह, एडिशनल डायरेक्टर सुनील बजाज, एससीईआरटी के ईटी विंग प्रमुख मनोज कौशिक ने अपनी अहम भूमिका अदा की और प्रशिक्षण के बारे गहनता से बताया की भविष्य में इन कर्मचारियों पर और जिम्मेदारी डालने के संकेत दिए। शिक्षा विभाग द्वारा कर्मचारियों को ट्रेनिंग देने के लिए कलायत से डॉ. नरेन्द्र कुमार बाल्यान, खरखौदा से किरण डारोलिया, मातनहेल से चेतना जाठोल रहे।

#### प्रशिक्षण का असर धरातल पर आए नजर

प्रशिक्षण में गुरूग्राम स्थित राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद में एससीईआरटी निदेशक आईएएस संवर्तक सिंह, एडिशनल डायरेक्टर सुनील बजाज, ईटी विंग प्रमुख मनोज कौशिक ने बताया कि इस प्रशिक्षण से कर्मचारियों के द्वारा विद्यालय में जाकर शिक्षा स्तर की जांच में की जाएगी. जिससे शिक्षा स्तर ऊँचा उठाने में सहायक होगी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8814999151, 9253681005, 8295157800

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

## जजपा के प्रदर्शन को मिला किसानों का साथ, सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

# जजपा कार्यकर्ता सड़कों पर उतरे, रोष मार्च के साथ किया प्रदर्शन

**जजपा अध्यक्ष की अगुवाई में कस्बे के मुख्य क्रांतिकारी चौक से मंडी पहुंचकर जताया आक्रोश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढड़ा


बाढड़ा। मंडी परिसर में सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते जजपा कार्यकर्ता।

एमएसपी पर बाजरा की सरकारी खरीद न करने व डीएपी की किल्लत को लेकर जजपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी कार्यालय से सैंकड़ों किसानों के साथ कस्बे में रोष प्रदर्शन करते हुए धरने को समर्थन देते हुए उनकी मांगों को शीघ्र पूरा करने की मांग की।

जजपा अध्यक्ष विजय श्योराण की अगुवाई में कस्बे के मुख्य क्रांतिकारी चौक से मंडी पहुंचकर जजपा कार्यकर्ताओं के साथ किसानों ने सरकार पर बाजरा खरीद को जानबूझ कर रोकने व किसानों को डीएपी उपलब्ध न करवाने पर दोषी ठहराते हुए सरकार की मनमानी के खिलाफ बड़ा आंदोलन शुरु करने का एलान किया। मंडी परिसर में किसानों, आढतियों को संबोधित करते हुए जजपा किसान मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष नरेश द्वारका ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार किसान व कृषि व्यवस्था को कमजोर कर औद्योगिक घरानों को बढावा दे रही है जिसे किसी सूरत में सहन नहीं किया जा सकता। विपक्ष में रहकर बड़े बड़े सपने दिखाने वाली भाजपा सत्ता में आते ही किसानों की बजाए पूंजीपतियों के हितों की रक्षा करने में लगी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पिछले रबी सीजन से लेकर अब की उत्पादित फसलें पूरी तरह अत्यधिक बरसात की भेंट चढ गई है और मौजूदा समय में जो बची है उसको सरकार खरीदने की बजाए मंडी लाकर निजि व्यापारियों को बेचने का आदेश दे रही है जो न्यायसंगत नहीं है और यह अंभव भी है। सरकार ने बिना मंडी में जे फार्म वाले किसानों को भावांतर से बाहर कर दिया वहीं अब किसान मंडी में किसको बेचे इसके लिए स्वयं व्यपारियों से मन्नत करनी पड़ रही है।

#### पूर्व डिप्टी सीएम के शासन में हुई हर दाने की खरीद

जजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नरेश द्वारका व जिलाध्यक्ष रविंद्र चरखी ने कहा कि दक्षिणी हरियाणा में उत्पादित बाजरे की खरीद से लेकर अगली फसल बिजाई के लिए डीएपी उपल४ध करवाने में सरकार पूरी तरह विफल साबित हो रही है। सरकार बार बार एमएसपी देने का दावा कर रही है लेकिन अगर बाजरा नहीं बिकेगा तो किसान को निर्धारित दरों की बजाए केवल 18 सौ से लेकर 19 सौ में बेचना मजबूरी बन गया है। सरकार ने जल्द ही खरीद कार्य शुरु नहीं किया तो जजपा किसान मोर्चा पहले प्रत्येक जिले की मंडियों पर पहुंच कर रोष प्रदर्शन करेगी तथा उसके बाद जिला उपायुक्त कार्यालय पहुंच कर रोष जताएगी। उन्होंने मंडियों के खराब हालातों पर चर्चा करते हुए कही। उन्होंने कहा कि जब 2000 में ओमप्रकाश चौटाला प्रदेश के मुरयमंत्री बने उस समय ही प्रदेश में मंडियों में बाजरा खरीद शुरू हुई थी ।

#### प्रदेश सरकार पर लगाए कई गंभीर आरोप

जजपा जिला प्रभारी ऋषिपाल उमरवास, जिलाध्यक्ष रविंद्र चरखी व हलकाध्यक्ष विजय श्योराण काकड़ौली ने कहा कि भाजपा सरकार सरकारी पैसे को महोत्सवों पर बर्बाद कर रही है जबकी किसान अपना बाजरा बेचने के लिए मंडी के द्वार व उनके बुजर्ग किसानों, महिलाओं को पैक्स केन्द्रों व पुलिस थानों में टोकन व डीएपी के एक एक बैग के लिए दर दर भटकना आम बात हो गई है। उन्होंने कहा कि जजपा किसान मोर्चा किसानों के साथ किसी तरह का अन्याय सहन नहीं करेगा और जल्द ही राज्य स्तर पर बड़ा आंदोलन शुरु किया जाएगा। आज के धरने पर अनेक संगठनों के पदाधिकारियों ने भागीदारी की। इस दौरान अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।